पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

# पश्चिम मध्य रेलवे में अप्रेंटिसशिप के 2865 पदों पर आवेदन आमंत्रित

जबलपुर 21 अगस्त। पश्चिम मध्य रेलवे ने युवाओं के लिए सुनहरा अवसर प्रदान करते हुए वर्ष 2025-26 के लिए प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत अप्रेंटिस की भर्ती हेतु अधिसूचना जारी की है। इस अधिसूचना के अनुसार रेलवे के मुख्यालय, विभिन्न मंडलों एवं कार्यशालाओं में कुल 2865 पदों पर अप्रेंटिस लिए जाएंगे। आवेदन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन रहेगी।

इस भर्ती में जबलपुर मंडल के लिए 1136 पद, कोटा मंडल के लिए 865 पद, भोपाल मंडल के लिए 558 पद, सडीपुका (भोपाल) के लिए 136 पद, कोटा वर्कशॉप के लिए 151 पद तथा मुख्यालय जबलपुर के लिए 19 पद निर्धारित किए गए हैं। इन पदों पर प्रशिक्षु के रूप में चयनित युवाओं को निर्धारित अवधि तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

आवेदन प्रक्रिया 30 अगस्त 2025 से शुरू होकर 29 सितम्बर 2025 की मध्यरात्रि तक चलेगी। अभ्यर्थियों को केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन करना होगा। आवेदन का पथ है – www.wcr.indianrailways.gov.in → About us → Recruitment → Railway Recruitment Cell → Engagement of Act Apprentices 2025-26।

इन पदों पर आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की आयु 15 से 24 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में नियमानुसार छूट मिलेगी। शैक्षणिक योग्यता के अंतर्गत अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं उत्तीर्ण होना आवश्यक है, जिसमें न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हों। साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाणपत्र भी अनिवार्य है।

चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेरिट आधारित होगी। अभ्यर्थियों के दसवीं कक्षा तथा आईटीआई में प्राप्त अंकों के औसत को ध्यान में रखते हुए मेरिट सूची तैयार की जाएगी। इस प्रक्रिया में किसी प्रकार की लिखित परीक्षा या साक्षात्कार का प्रावधान नहीं है।

ऑनलाइन आवेदन के दौरान अभ्यर्थियों को पासपोर्ट आकार का फोटो, हस्ताक्षर, जन्म प्रमाण पत्र, दसवीं और आईटीआई की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र (यदि लागू हो) तथा दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए प्रमाण पत्र अपलोड करना होगा। आवेदन शुल्क 100 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को शुल्क से छूट दी गई है।

इस सम्बन्ध में सही एवं विस्तृत जानकारी पश्चिम मध्य रेलवे की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध नोटीफिकेसन से प्राप्त करें।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/318/2025 दिनांक 21.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर